NDTV
मध्य प्रदेश | छत्तीसगढ़

## खरगोन के मेनगांव में नकली कम्पोस्ट खाद फैक्ट्री पर प्रशासन का छापा, 650 बैग जब्त




**MP NEWS:** खरगोन जिले के मेनगांव में नकली कम्पोस्ट जैविक खाद तैयार करने के एक मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. सोमवार रात एसडीएम बीएस कलेश की अगुवाई में कृषि विभाग की टीम ने एक खेत में छापेमारी कर करीब 650 बैग कम्पोस्ट खाद जब्त किए हैं. बिना किसी वैध अनुमति के इस खाद की पैकिंग और निर्माण किया जा रहा था.

छापे के दौरान एसडीएम की मौजूदगी में कृषि विभाग ने पंचनामा तैयार किया और खाद को सहकारी समिति के सुपुर्द किया जा रहा है. मामले में बड़े फर्जीवाड़े की आशंका जताई जा रही है. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि रिसर्च के नाम पर खाद का निर्माण हो रहा था और प्रति बोरी ₹500 कीमत अंकित की गई थी.

वरिष्ठ विकासखंड कृषि अधिकारी गिरीधारीलाल भंवर ने बताया कि बिना अनुमति के कम्पोस्ट खाद तैयार किया जा रहा था. मौके से 650 बोरी खाद जब्त की गई है. किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी. जांच के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

यह छापेमारी मेनगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत ग्रिड के पीछे एक खेत में की गई. मुंबई की एबीसी नामक कंपनी द्वारा यह खाद तैयार किया जा रहा था, जिसमें लकड़ी और मक्का जलाकर कम्पोस्ट बनाया जा रहा था. मौके पर मौजूद मैनेजर रोहित मालवीय बिस्टान से प्रशासन की टीम पूछताछ कर रही है.

जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर इस कार्रवाई से स्थानीय स्तर पर हड़कंप मच गया है. खाद की किल्लत के बीच नकली कम्पोस्ट के इस मामले ने प्रशासन को भी सतर्क कर दिया है. जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है.

Source: https://mpcg.ndtv.in/madhya-pradesh-news/administration-raids-fake-compost-fertilizer-factory-in-khargone-8870401